**राज्यपाल सचिवालय**

**राजभवन, जयपुर**

## राज्यपाल से योग गुरु स्वामी रामदेव की मुलाकात

जयपुर, 12 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से रविवार को राजभवन में योग गुरु स्वामी रामदेव ने मुलाकात की। राज्यपाल श्री मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

मुलाकात के दौरान राज्यपाल श्री मिश्र की बाबा रामदेव से योग की भारतीय परंपरा और जीवन मूल्यों पर भी विषद चर्चा हुई। बाबा रामदेव ने संविधान से जुड़ी संस्कृति के संबंध में किए जा रहे श्री मिश्र के प्रयासों को महत्वपूर्ण बताया।

-----